राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–35 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री मनोज कुमार मिश्र, सूचनाधिकार व मानवाधिकार, कार्यकर्ता, गोगरी, खगड़िया–851202

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, ड्रग कंट्रोलर, स्वास्थ सेवाएँ, नया सचिवालय, विकास भवन, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
07.06.2023	श्री मनोज कुमार मिश्र, सूचनाधिकार व मानवाधिकार, कार्यकर्ता, गोगरी, खगड़िया–851202 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–29.05.2023 इस कार्यालय में दिनांक–07.06.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रुपए का एक पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 998751 दिनांक–शून्य संलग्न है। अपीलार्थी ने एक प्रथम अपील आवेदन जो प्रथम अपीलीय प्राधिकार, संयुक्त सचिव, स्वास्थ सेवाएँ, नया सचिवालय, चतुर्थ मंजिल, विकास भवन, पटना–15 को संबोधित है। इस सचिवालय को प्रेषित किया गया है तथा इसके साथ लोक सूचना पदाधिकारी, ड्रग कंट्रोलर, बिहार को संबोधित प्रपत्र 'क' की छाया–प्रति संलगन की है। अपील आवेदन में यह संसूचित किया गया है कि लोक सूचना पदाधिकारी–सह–ड्रग कंट्रोलर, बिहार ने उन्हें दिनांक–06.04.2023 को आंशिक सूचना प्रदान किये है। उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि यह प्रथम अपील आवेदन गलत तरीके से इस सचिवालय को भेजा गया है। अतः इस पर इस सचिवालय के स्तर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। पोस्टल ऑडर भी संयुक्त सचिव–सह–प्रथम अपीलीय प्राधिकार, स्वास्थ सेवाएँ के नाम से है। अतः प्राप्त अपील आवेदन मूल पोस्टल ऑर्डर के साथ संयुक्त सचिव–सह–प्रथम अपीलीय प्राधिकार, स्वास्थ सेवाएँ, नया सचिवालय, चतुर्थ मंजिल, विकास भवन, पटना–15 को भेजी जाए। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-989/रा०स०(प) दिनांक-16.06.2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, ड्रग कंट्रोलर, स्वास्थ सेवाएँ, नया सचिवालय, विकास भवन, पटना-15/श्री मनोज कुमार मिश्र, सूचनाधिकार व मानवाधिकार, कार्यकर्ता, गोगरी, खगड़िया-851202 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी